# श्री मांजरीक मृणाल, माननीय स0वि0स0 से प्राप्त निवेदन संख्या-620/2026 का उत्तर प्रतिवेदन

| प्रश्न | उत्तर प्रतिवेदन |
|---|---|
| समस्तीपुर जिलान्तर्गत कल्याणपुर प्रखंड के कठैला चौर से निकलने वाला कठैला बुनैला नहर जो कल्याणपुर से वारिसनगर प्रखंड के कई ग्रामों से होते हुए बूढ़ी गंडक नदी में मिलने वाले नहर और इसी की एक अन्य शाखा जो वारिसनगर प्रखंड एवं खानपुर प्रखंड के कई ग्रामों से होते हुए पुरानी बागमती नदी में मिलने वाले शान्ति नहर की पर्याप्त गहराई तक उड़ाही कराकर इसके किनारों का सही प्रकार से निर्माण कराते हुए आवश्यकतानुसार स्पिलवे का निर्माण कराकर जनहित में इसे जल-संचय के साथ बहुपयोगी बनाए जाने की आवश्यकता है।<br>अतएव मैं सदन के माध्यम से समस्तीपुर जिलान्तर्गत कठैला बुनैला नहर और शान्ति नहर की पर्याप्त गहराई तक उड़ाही कराकर इसके किनारों का सही प्रकार से निर्माण कराते हुए आवश्यकतानुसार स्पिलवे का निर्माण कराये जाने हेतु मैं सरकार से निवेदन करता हूँ। | वस्तुस्थिति यह है कि समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर प्रखंड अन्तर्गत कठैला चौर से बुनैला नाला निकलता है जो कल्याणपुर, वारिसनगर एवं खानपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों से होते हुए बूढ़ी गंडक नदी में मिलता है। वर्तमान में इस नाला में आंशिक गाद है। मॉनसून अवधि के उपरान्त सर्वेक्षण कराकर सम्भाव्यता के आधार पर उड़ाही के संदर्भ में अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी।<br>समस्तीपुर जिलान्तर्गत कल्याणपुर, वारिसनगर, खानपुर, शिवाजीनगर, रोसड़ा एवं सिंघिया प्रखंड से गुजरने वाली शांतिधार बागमती नदी को बूढ़ी गंडक नदी को जोड़ती है। शांतिधार के उड़ाही का कार्य प्रगति में है। कार्य के कार्यान्वियन के उपरान्त पानी का सुगमता पूर्वक प्रवाह हो सकेगा। |

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

ज्ञापांक–25/वि0स0नि0(द0)–03–05/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को उनके ज्ञापांक–646 दिनांक–16.04.2026 के प्रसंग में निवेदन सं0–620/26 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0नि0(द0)–03–05/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0नि0(द0)–03–05/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0नि0(द0)–03–05/2026– 3746 पटना, दिनांक– 20/08/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19.8.26

(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

19.8.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo